




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 20 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 273 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया












# जंतर-मंतर पर चटकी लाठी

## सीजेपी के प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए 5000 जवानों की तैनाती, लगाए गए सैकड़ों जैमर

● पुलिस से तीखी झड़प, कई लोगों के सिर फूटे, सख्ती के बावजूद बैरिकेडिंग तोड़कर संसद भवन तक पहुंचे आंदोलनकारी, धरनास्थल पर धारा 163 लागू



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का संसद मार्च जारी है। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। इसमें कई लोग घायल हुए। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी आगे बढ़ते हुए संसद मार्ग थाना तक पहुंच गए। इधर, बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी राजीव चौक और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन में घुस गए। वहां उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। सोमवार के प्रदर्शन के लिए लोग रविवार रात 11 बजे से ही जंतर-मंतर पर जुटने लगे थे। उन्होंने फुटपाथ पर ही रात गुजारी। सुबह जब मार्च शुरू हुआ, तो पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इससे कई लोगों को चोटें आई हैं और कई लोगों के सिर भी फूट गए हैं। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार किया है। आज सोमवार को होने वाले 'चलो संसद' मार्च को लेकर दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर रही। जंतर-मंतर के पास 5000 जवान तैनात किए गए। इसके अलावा धरना स्थल क्षेत्र में धारा 163 लागू की गई है। जंतर-मंतर पर सैकड़ों की संख्या में जैमर लगा दिए गए हैं, ताकि इंटरनेट काम नहीं करे। पहली बार पुलिस ने किसी आंदोलन को हैंडल करने में इतनी संख्या में जैमर का इस्तेमाल किया है। वहीं दूसरी तरफ 30 से 35 हजार प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से संसद की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। कई लोग बैरिकेडिंग तोड़कर पार्लियामेंट थाने तक पहुंच गए हैं। जमा हुए प्रदर्शनकारियों की RPF कर्मियों से झड़प हो गई। भीड़ को काबू करने के लिए RPF कर्मियों और पुलिस ने लाठियों का इस्तेमाल किया। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारी संसद भवन की ओर बढ़ रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए कार्रवाई की। इलाके में तनावपूर्ण स्थिति के बीच सुरक्षा व्यवस्था लगातार बढ़ाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मार्च के लिए परमिशन नहीं दी है। उधर, सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने कहा कि हमें कोई नहीं रोक सकता है। संसद मार्च हर हाल में निकलेगा। जंतर-मंतर आप नेता गोपाल राय पहुंचे। लेकिन मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को प्रदर्शन स्थल तक नहीं जाने दिया गया उन्हें पुलिस ने बलपूर्वक भगा दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए जंतर-मंतर के दोनों प्रवेश द्वारों पर मल्टी-लेयर बैरिकेडिंग की गई है। अंदर जाने वाले हर व्यक्ति के बैग की स्कैनर से जांच की जा रही है और दो दौर की शारीरिक तलाशी (फ्रिस्किंग) के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

### वांगचुक ने अनशन खत्म करने को रखी तीन शर्तें

23 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक ने अनशन खत्म करने की 3 शर्तें रखी हैं। पहली- सरकार शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक की जिम्मेदारी ले। दूसरी-CJP प्रतिनिधिमंडल को संसद जाने दिया जाए और सांसद मुद्दा उठाने का भरोसा दें। तीसरा- स्वास्थ्य कारणों से ऐसा संभव न हो तो सांसद सफदरजंग अस्पताल आकर यही आश्वासन दें।

## मानसून सत्र में चढ़ावा चोरी पेपर लीक को लेकर हंगामा

नई दिल्ली। मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया गया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जंतर-मंतर पर बच्चे इकट्ठा हुए, उनकी आवाज को दबाया जा रहा। सरकार ने उन पर लाठीचार्ज किया। उधर लोकसभा में भी विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। विपक्षी नेताओं ने NEET-UG पेपर लीक और राम मंदिर चढ़ावा चोरी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की। कई सांसद पोस्टर, बैनर लेकर आए। इस बीच कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल लोकसभा में पेश किया। इससे पहले मोदी ने संसद के हंस द्वार पर मीडिया को 15 मिनट संबोधित किया। पीएम ने कहा- मानसून हो या मानसून सत्र, अगर दोनों प्रो-एक्टिव हों तो बहुत ही प्रोडक्टिव होते हैं। संसद में तर्क के साथ चर्चा हो।

## 1109 करोड़ का बैंक घोटाला

**भुवनेश्वर।** 1109 करोड़ रुपये के बैंक ऋण घोटाले की जांच में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ा कदम उठाते हुए गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कई ठिकानों पर छापामारी की है। भुवनेश्वर की विशेष सीबीआई अदालत से मिले वारंट के आधार पर ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और झारखंड में कंपनी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं। सीबीआई के अनुसार, कंपनी पर बैंकों से ऋण लेने के लिए वित्तीय आंकड़ों और स्टॉक वैल्यू को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप है। जांच एजेंसी का कहना है कि गलत वित्तीय जानकारी के आधार पर ऋण सीमा बढ़वाई गई और बाद में ऋण राशि का दुरुपयोग करते हुए उसे अन्य खातों व उद्देश्यों में स्थानांतरित किया गया। इससे बैंकों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। छापामारी के दौरान भुवनेश्वर में कंपनी के चार निदेशकों के आवास, कोलकाता स्थित पंजीकृत कार्यालय, उत्तराखंड के काशीपुर, तमिलनाडु के तिरुवल्लूर और भुवनेश्वर स्थित उत्पादन इकाइयों की तलाशी ली गई। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और जब्त दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है।

## लड़की की हत्या करने वाला आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**अहमदाबाद।** आनंद जिले के वासद में साढ़े चार साल की मासूम लड़की की लाश मिली। किडनैपिंग और मर्डर के शक में पुलिस ने जांच की और संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, आरोपी सुरेश परमार ने पुलिस पर हमला किया पुलिस ने सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की, जिससे एनकाउंटर हो गया। घायल आरोपी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, आज सुबह वासद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के सामने रेलवे ट्रैक पर एक लड़की की लाश कुचली हुई हालत में मिली थी।

## शबाना आजमी ने खत्म कराया छात्रों का अनशन

● राज्यसभा सांसद मनोज झा, एक्टर प्रकाश राज और एक्ट्रेस कविता कौशिश रहीं साथ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी छात्रों की मांगों के समर्थन में कई दिनों से प्रदर्शन कर रही है। जंतर-मंतर पर पिछले तीन सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेता नेहा, अमीन और मनीष कुमार का अनशन सोमवार को समाप्त हो गया। ये तीनों ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (AISA) से जुड़े हैं। एक्ट्रेस शबाना आजमी, राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के राज्यसभा सांसद मनोज झा और एक्टर प्रकाश राज ने उन्हें पानी पिलाकर उनका अनशन खत्म कराया। टीवी एक्ट्रेस कविता कौशिक ने छात्रों के सपोर्ट में एक वीडियो शेयर किया।

## सपा सांसदों के साथ सड़क पर उतरीं डिंपल

● जंतर-मंतर तक किया मार्च, लगाए नारे

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव, पार्टी के अन्य सांसदों के साथ संसद से जंतर-मंतर तक मार्च कीं। सपा सांसद डिंपल यादव, इकरा हसन और प्रिया सरोज समेत पार्टी के बाकी सांसदों के साथ संसद से जंतर-मंतर की ओर पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने 'नीट है या चीट है' के नारे लगाए। उन्होंने कहा, 'देश में हालात ऐसे हैं कि युवा अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन सरकार न तो उनकी बात सुनने को तैयार है और न ही बातचीत करने को। लखनऊ में विधानसभा घेरने जा रहे सपाइयों को पुलिस ने रोका तो कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए। पुलिस ने उन्हें सड़क पर घसीटा और गाड़ियों में भरकर इको गार्डन ले गई। आगरा में पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोक हुई। कांग्रेसी डीएम कार्यालय विरोध-प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

## देश में 25 जुलाई तक बारिश का अलर्ट, यूपी में 40 मंदिर डूबे

**नई दिल्ली।** इसरो की सैटेलाइट तस्वीरों के मुताबिक देश के करीब 70 प्रतिशत हिस्से में मानसूनी बादल छाए हुए हैं। अगले 25 जुलाई तक उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत समेत देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना है। इस मानसून सीजन में देशभर में बारिश सामान्य से 24 प्रतिशत कम हुई है। इधर, यूपी में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वाराणसी और प्रयागराज में घाटों की सीढ़ियां डूब गई हैं। काशी में दशाश्वमेध से लेकर पंचगंगा घाट तक रत्नेश्वर महादेव मां-दिर समेत 40 छोटे मंदिरों में पानी घुस गया है। वहीं, राजस्थान में मानसून पर ब्रेक लगने के बाद गर्मी बढ़ने लगी है। बीकानेर संभाग के तीन जिलों में रविवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। राज्यभर में कहीं भी तेज बारिश नहीं हुई। सोमवार के लिए राज्य के 24 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## बंगाल में एक सितंबर से बंगाली भाषा में होगा सरकारी कामकाज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार एक सितंबर से अपने सभी आधिकारिक कामकाज बंगाली भाषा में करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सितंबर 2026 से राज्य सरकार के हर स्तर पर बंगाली भाषा का उपयोग अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ होने वाले सभी पत्राचार में बंगाली भाषा का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के साथ संपर्क के लिए बंगाली के साथ-साथ हिंदी भाषा का भी उपयोग किया जाएगा।

## गादरबल में फटा बादल, रिहायशी इलाके पानी-पानी

### खेती के साथ स्थानीय संपत्तियों को भारी नुकसान


● कारगिल में फ्लैश फ्लड से भारी क्षति



**गांदरबल/ कारगिल।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश ने कई इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सोमवार को गांदरबल जिले के सफापोरा स्थित शेख मोहल्ला में बादल फटने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं कारगिल में आए फ्लैश फ्लड ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि कृषि भूमि और बाग-बगीचों को भी भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार सफापोरा के शेख मोहल्ला में अचानक बादल फटने के बाद तेज बहाव के साथ पानी और मलबा रिहायशी इलाके में घुस गया। इससे स्थानीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचा और लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। घटना के बाद प्रशासन ने हालात का जायजा लेना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रभावित परिवारों को जल्द राहत उपलब्ध कराने और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को शीघ्र बहाल करने की मांग की है। उधर, कारगिल में फ्लैश फ्लड ने कई इलाकों में तबाही मचाई है। बाढ़ के तेज बहाव से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए जबकि बड़ी मात्रा में कृषि भूमि, खेत और बाग-बगीचे प्रभावित हुए हैं। पानी के बहाव में पेड़ भी उखड़कर बह गए, जिससे पर्यावरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है।




जनमुख City लाइव
हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 20 जुलाई, सोमवार, 2026 (3)







सीजेपी के समर्थन में नारेबाजी करते सांझा संस्कृति मंच के कार्यकर्ता व अन्य।

जनमुख डेस्क

# दिल्ली की लपटें वाराणसी पहुंची!

● कांग्रेस, सपा और समाजसेवी संगठनों के साथ छात्रों ने भी निकाला मोर्चा

● पुलिस के साथ तीखी झड़प




**वाराणसी।** दिल्ली के जंतर मंतर की आंच से बनारस शहर भी सुलग उठा है। यूपी में नीट पेपर लीक के खिलाफ और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के समर्थन में सोमवार को कांग्रेस-सपा सड़क पर उतर आई। काशी में सपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को वाराणसी में अलग-अलग स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुआ। समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों ने कचहरी स्थित शास्त्री घाट से पदयात्रा निकालने का प्रयास किया, जबकि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बीएचयू के सिंह द्वार तक मार्च करने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया, जिससे कुछ देर तक नोकझोंक की स्थिति बनी रही। सपा कार्यकर्ता बीएचयू सिंह द्वार की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें नरिया गेट के पास ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। प्रदर्शनकारी हाथों में पेपर लीक और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के विरोध में लिखे पोस्टर लिए हुए थे। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर नारेबाजी की। बीएचयू सहित कई शिक्षण संस्थानों में छात्रों ने उग्र प्रदर्शन कर सोनम वांगचुक का समर्थन किया और छात्रों ने हड़ताल घोषित की तो पढ़ाई भी सुबह से विभागों में ठप नजर आई। सुरक्षा कारणों से व्यापक बल की भी तैनाती की गई है। पीएम नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी भी जंतर मंतर पर विगत 23 दिनों से चल रहे आंदोलन के समर्थन में हुंकार भरने लगा है। आज सुबह छ्ष महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन करके अपना सरकार के रीति-नीति के खिलाफ अपना विरोध जाहिर किया। छात्रों के प्रदर्शन को लेकर विश्वविद्यालय में भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं प्रॉक्टोरियल टीम के साथ सिगरा पुलिस मौके पर मौजूद रहे। छात्रों ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की है।




## युवक की हरकतों से परेशान युवती ने दी जान



● नवम्बर में होने वाली थी शादी, ससुराल पक्ष को भेज दिया अश्लील मैसेज और वीडियो

**वाराणसी।** युवक द्वारा परेशान किए जाने से क्षुब्ध एक युवती ने ने बाथरूम साफ करने की फिनायल पीकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई ने सोमवार की सुबह थाने पहुंचकर चोलापुर के गोपी उर्फ कारू नामक युवक के खिलाफ तहरीर दी। मिर्जामुराद थानांतर्गत खजुरी क्षेत्र की निवासी युवती का चोलापुर थानांतर्गत राजापुर क्षेत्र में ननिहाल है। ननिहाल में आते-जाते युवती का करीब तीन वर्ष पूर्व गोपी उर्फ कारू से संपर्क हो गया। दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी थी। इसी बीच मई माह में युवती की शादी भदोही जिले के चौरी में युवक संग नवंबर में तय हो गई। भाई का आरोप है कि रिश्ता तय होने के दो माह बाद से चोलापुर निवासी गोपी द्वारा बहन उजाला को अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परेशान किया जा रहा था। इतना ही नहीं, मनबढ़ युवक उसके होने वाले पति के घर भी पहुंच गया। अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर गलत मैसेज लिखकर उन्हें मोबाइल पर भेज दिया। इसकी जानकारी होने पर दुखी युवती ने रविवार की दोपहर घर में बाथरूम साफ करने के लिए रखा फिनायल पी लिया। युवती की हालत बिगड़ने पर स्वजन आनन-फानन में उसे बीएचयू अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान सोमवार को तड़के पांच बजे उसकी मौत हो गई। स्वजनों का आरोप है कि रिश्ता तय हो जाने पर युवक को समझाया-बुझाया भी गया था। तीन भाइयों में वह एकलौती बहन थी।

## जंतर-मंतर पर अनशन को दिया समर्थन

● शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर वाराणसी में उपवास




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पेपर लीक पर जवाबदेही और समान शिक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर साझा संस्कृति मंच ने आज शास्त्री घाट वरुणापुल, वाराणसी पर किया एक दिव-सीय अनशन किया और अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन पत्र नगर मर्जिस्टेट को दिया गया। वाराणसी में साझा संस्कृति मंच द्वारा रविवार को शास्त्री घाट, वरुणापुल पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय उपवास और प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन पत्र देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साझा संस्कृति मंच लोकतांत्रिक आंदोलनकारियों को जबरन हटाने की कार्रवाई की निंदा करता है। किसी भी लोकतंत्र में जनता की आवाज को दमन से नहीं दबाया जा सकता। सरकार को आंदोलनकारियों से संवाद करना चाहिए और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह आंदोलन अब केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। कांग्रेस, एनएसयूआई, इंडियन यूथ कांग्रेस सहित अनेक छात्र-युवा संगठन, नागरिक संगठन, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न राजनीतिक दल तथा देशभर के लोकतांत्रिक समूह शिक्षा के सवाल पर जनमत तैयार कर रहे हैं। अलग-अलग राज्यों में विरोध प्रदर्शन, धरना, अनशन, हस्ताक्षर अभियान और जनसभाओं के माध्यम से शिक्षा बचाने की आवाज लगातार मजबूत हो रही है।

## महानगर उद्योग व्यापार समिति के नये पदाधिकारियों की घोषणा

### चुनाव सम्पन्न : संरक्षक मंडल में आर.के. चौधरी, श्रीनारायण खेमका



● अध्यक्ष बने अशोक अग्रवाल, महामंत्री रजनीश कन्नौजिया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लक्सा स्थित मारवाड़ी युवक संघ सभागार में महानगर उद्योग व्यापार समिति का चुनाव रविवार को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व संस्था के मुख्य संरक्षक आर. चौधरी ने जनरल बॉडी की बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की। चुनाव अधिकारी घनश्याम जायसवाल एवं यू. आर. सिंह के निर्देशन में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई। महानगर उद्योग व्यापार समिति (रजि) वाराणसी का चुनाव स्थानः मारवाड़ी समाज भवन लक्सा वाराणसी मे संरक्षक एवं चुनाव अधिकारी आर के चौधरी, घनश्याम जायसवाल एवं यू आर सिंह द्वारा सर्व सम्मति से निर्विरोध नई प्रबंध समिति (2026-28) का चूनाव सम्पन्न कराया गया जिसके संरक्षक मण्डल में आर के चौधरी, श्रीनारायन खेमका, अध्यक्ष-अशोक जायसवाल, महान्त्री-रजनीश कनौजिया, कोषाध्यक्ष-राहुल मेहता, महामन्त्री संगठन-पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- अनुज डिडवानिया चयनित किए गए।

## 76दिवसीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



● विधायक नीलकंठ तिवारी करेंगे वार्डों में प्रवास, चलाएंगे स्वच्छता अभियान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर दक्षिणी विधानसभा में 76 दिवसीय वार्ड प्रवास एवं स्वच्छता अभियान का शुभारंभ रविवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा रहे। 76 दिवसीय कार्यक्रम में रविवार को प्रथम दिवस की शुरुआत सूर्यकुंड वार्ड से हुई। वार्ड में प्रातः पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने प्रवास कर स्वच्छता अभियान चलाया। उक्त अभियान में मुख्य अतिथि नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा रहे। साथ में पूरे कार्यक्रम में विशेष रूप से गुजरात के अमराईवाड़ी के पूर्व विधायक जगदीश पटेल भी उपस्थित रहे। नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा ने विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी संग वार्ड के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कर साफ़ सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही गलियों एवं सूर्य कुण्ड पर स्वच्छता अभियान चलाया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने राह में मिलने वाले लोगों का कुशलक्षेम पूछते नज़र आए। कुछ लोगों ने विधायक से बिजली पोल लगे केबिल के जंजालों के संदर्भ में शिकायत की। उन्होंने मौके पर साथ चल रहे नगर निगम एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल उक्त समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## डीएम ने मार्कण्डेय महादेव मंदिर में सावन की तैयारियों को परखा



● श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर विशेष जोर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं के सकुशल दर्शन पूजन/जलाभिषेक के पुख्ता इंतज़ाम और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मार्कण्डेय महादेव, कैथी स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में बैठक कर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मंदिर का निरीक्षण भी किया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा मंदिर क्षेत्र व घाट की साफ़ सफाई व्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। मन्दिर के महंत से अभी तक की तैयारियों और कमियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई तथा सभी ससमय पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया गया।

## काशी में गंगा घाट किनारे के कई विग्रह गंगा में डूबे

**वाराणसी।** पहाड़ों पर हो रही बारिश का प्रभाव अब गंगा में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। नदी का जलस्तर निरंतर बढ़ने के कारण घाटों पर जलकुम्भी किनारों पर आकर लग गई है। रविवार, 19 जुलाई को गंगा का पानी दशाश्वमेध घाट स्थित गंगा सेवा निधि के आरती चबूतरे तक पहुंच गया। आरती स्थल की मढ़ी के नीचे स्थापित मां दुर्गा, भगवान शिव सहित कई देवी-देवताओं की विग्रह बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। गंगा में 5 से 7 सेंटीमीटर प्रति घंटे की गति से जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है। जलस्तर बढ़ने के कारण निचले घाटों और तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों में बाढ़ को लेकर दहशत का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे न जाने और सावधानी बरतने की अपील की है। नाव संचालन पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। केंद्रीय जल आयोग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## सस्टेनेबल सिटी चैलेंज से शहरी प्रबंधन को मिलेगी नई दिशा

● तकनीक से होगी काशी में बेहतर क्राउड मैनेजमेंट व्यवस्था



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी के ऐतिहासिक एवं प्राचीन स्वरूप को संरक्षित रखते हुए भीड़ प्रबंधन और सतत शहरी परिवहन (सस्टेनेबल मोबिलिटी) के प्रभावी समाधान विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए रविवार को होटल क्लार्क में 'सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा रहे। अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि काशी विश्व के प्राचीनतम जीवंत शहरों में से एक है, जिसकी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहचान पूरी दुनिया में अद्वितीय है। इस गौरवशाली विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए नागरिकों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मंत्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी से सांसद बनने के बाद शहर में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सड़क, घाट, पर्यटन, आधारभूत संरचना तथा नागरिक सुविधाओं में व्यापक परिवर्तन आया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है। इसके साथ ही क्राउड मैनेजमेंट और सुगम आवागमन जैसी नई चुनौतियां भी सामने आई हैं, जिनका समाधान आधुनिक तकनीक, डेटा आधारित प्रबंधन और नवाचारों के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि काशी की पहचान उसकी प्राचीन संस्कृति, संकरी गलियों और धार्मिक विरासत से है। इसलिए विकास का प्रत्येक मॉडल ऐसा होना चाहिए जो विरासत संरक्षण और आधुनिक नगरीय प्रबंधन के बीच संतुलन स्थापित करे। उन्होंने कहा कि नवीन तकनीकों, स्मार्ट मोबिलिटी समाधानों और जनभागीदारी के माध्यम से काशी को विश्वस्तरीय, सुरक्षित और सुगम शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है। कार्यक्रम में वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम तथा नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि बनारस की तंग गलियों, घनी आबादी वाले क्षेत्रों तथा लगातार बढ़ रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए नए दृष्टिकोण और नवाचार आधारित समाधान अपनाने की आवश्यकता है। ऐसा मॉडल विकसित किया जाना चाहिए जो विरासत संरक्षण, नागरिक सुविधा और आधुनिक शहरी प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके।

## सुल्तानपुर समाचार

### नल में उतरे करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**दोस्तपुर।** घर के बाथरूम में नहाते समय नल में उतरे करेंट की चपेट में आने से बहोरापुर निवासी किसान बाबूराम सिंह (60) की शनिवार रात उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में चीख-पुकार मची है।

परिवार के लोगों ने बताया कि बाबूराम शनिवार रात करीब 08:30 बजे घर के बाथरूम में नहाने के लिए गए थे। उन्होंने पहले टुल्लू पंप ऑन किया। स्विच ऑन करने के बाद उन्होंने पानी की टोंटी खोली। परिजनों के अनुसार टोंटी में करेंट प्रवाहित हो रहा था।

करेंट लगने से वह झुलसकर गिर पड़े। बाथरूम में से आहट नहीं मिलने पर परिजन को संदेह हुआ। जब परिजन बाथरूम पहुंचे तो उन्हें बाबूराम बेहोशी हालत में फर्श पर पड़े मिले। आनन-फानन में बाबूराम को देर रात सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया गया। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोस्तपुर थानाध्यक्ष नारदमुनि सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बाबूराम सिंह परिवार के मुखिया थे। वह खेती करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। घर में उनकी पत्नी क्रांति सिंह हैं। उनके दो पुत्र मनीष कुमार सिंह व मुकेश सिंह हैं। मनीष नागपुर में रहता है। छोटा पुत्र मुकेश कुमार सिंह ट्रक ड्राइवर है। बाबूराम की मौत से परिवार के लोग सदमे में हैं।

### तेज बारिश में बह गए व्यवस्था के तमाम दावे

**सुल्तानपुर।** सप्ताह भर बाद रविवार को हुई झमाझम बारिश से खेत-खलिहान लबालब हो गए। शहर से लेकर गांवों तक नालियां उफनाने से घरों, दुकानों और बेसमेंट में पानी घुस गया। दोस्तपुर नगर पंचायत में लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा।

## भदोही समाचार

### अनजान लोगों से साझा न करें गोपनीय जानकारी : एएसपी

**भदोही।** ग्रामीण कुटा क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन (सीएआईएफ) की ओर से शनिवार को नई बाजार के आनंद लॉन में सामाजिक-आर्थिक विकास एवं वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एएसपी शुभम अग्रवाल ने लोगों को साइबर अपराध का पाठ पढ़ाया और इससे बचाव के मंत्र दिए। कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध फोन कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेनदेन से सतर्क रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और अफवाहों व फर्जी संदेशों से बचने की अपील की।

## जौनपुर समाचार

### पट्टीदारों के विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, तीन नामजद आरोपी हिरासत में

**जौनपुर।** रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पट्टीदारों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 19 जुलाई 2026 की रात गांव में दो पड़ोसी एवं पट्टीदार पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। इस दौरान मोनू उर्फ दिनेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर बनी रही। इलाज के दौरान चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद मोनू उर्फ दिनेश तिवारी की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर रामपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में नामजद तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं विजय चौधरी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## देवरिया समाचार

### मछली पकड़ने के दौरान तालाब में डूबा युवक, मौत

**रतसर।** गड़वार थाना क्षेत्र के जनऊपुर गांव में रविवार सुबह मछली पकड़ने के दौरान तालाब में डूबने से दीपक राजभर (25) की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जनऊपुर निवासी दीपक राजभर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के पश्चिम स्थित हनुमान मंदिर के समीप तालाब में कुछ लोग जाल डालकर मछली पकड़ रहे थे। दीपक भी तालाब में मछली पकड़ने के लिए उतर गया। जब तक आसपास मौजूद लोग उसे बचाने का प्रयास करते, वह पानी में समा चुका था। दीपक अविवाहित था, उसकी मौत से मां बुचिया देवी बेसुध हो गईं। इस बाबत थानाध्यक्ष हितेश कुमार ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आजमगढ़ समाचार

### 24 घंटे में 2.8 मिलीमीटर हुई बारिश, 21 जुलाई को झमाझम बारिश के आसार



**आजमगढ़।** मानसून की सक्रियता के बीच रविवार का दिन उमस भरी गर्मी से राहत भरा रहा। शनिवार की रात से शुरू हुई बारिश, रातभर रुक-रुककर होती है। बूंदाबांदी के बाद रविवार की दोपहर तक मौसम खुशनुमा बना रहा। दिनभर बादल छाए रहने और हल्की बारिश के कारण भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। दोपहर तीन बजे के बाद बारिश थमने पर मौसम सामान्य हो गया। आसमान में बादलों ने डेरा डाले रखा। इस कारण अधिकतम तापमान बीते 24 घंटे में चार डिग्री गिरावट के साथ 30 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 48 घंटे से 26.4 डिग्री बना है। राज्य मौसम विभाग के प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तरी-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के उत्तर पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर पड़कर प्रदेश के तराई क्षेत्रों से दक्षिण की ओर खिसककर जाने से प्रदेश में मानसूनी सक्रियता बढ़ गई है। 21 जुलाई को भारी वर्षा का अनुमान है।

तापमान में गिरावट से उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार की सुबह आठ बजे से रविवार की सुबह आठ बजे तक जिले में 2.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

हालांकि, बारिश अधिक नहीं हुई, लेकिन पूरी रात और सुबह तक चली बूंदाबांदी ने तापमान में गिरावट ला दी। इससे पिछले कई दिनों से उमस और गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली।

## देवरिया समाचार

### सर्प दंश से महिला की मौत

**देसही देवरिया।** मुंडेरा गांव में शनिवार की आधी रात घर में सो रही महिला को सर्प ने डंस लिया। शोर मचाने पर घर के लोग महिला को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के मुंडेरा गांव की बासमती देवी (70) भोजन करने के बाद घर में सो रही थीं। आधी रात को सांप ने डंस लिया। कुछ समय बाद बासमती को इसका एहसास हुआ। शोर मचाने पर घर के लोग आनन-फानन महिला को लेकर महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां डाक्टरों ने इलाज शुरू किया। इलाज के दौरा करीब आधे घंटे बाद महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को मोर्चरी में भिजवा दिया।

## मीरजापुर समाचार

### औद्योगिक आस्थान चुनार में सड़क से विद्युत पोल एक सप्ताह में हटाए जाने का निर्देश



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें औद्योगिक आस्थान क्षेत्रो में आने वाली समस्याओ पर चर्चा कर सम्बन्धित अधिकरियो को निस्तारण के निर्देश दिए गए। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के तहत प्राप्त आवेदन पत्रो को बैंकर्स के द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए उसी समय तत्काल ऋण वितरण करना भी सुनिष्चित करें। बैठक में बताया गया कि योजनान्तर्गत 2026–27 में जनपद को षासन द्वारा 2600 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष बैंको को 2072 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें से 363 आवेदन पत्र स्वीकृत, 368 आवेदन पत्र वितरित तथा 985 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 880 आवेदन पत्र बैंको पर स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने प्रबंधक लीड बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्बित प्रार्थना पत्रो को स्वीकृति करते हुए जुलाई 2026 के अन्त तक ऋण वितरण भी सुनिष्चित करें। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क रेना. `वेशन पर चर्चा के दौरान बताया गया कि साइट पर कार्य कर रहे कामगारो को सम्बन्धित उद्यमी के मेन गेट तक बाउंड्रीवाल निर्माण न करने का निर्देश दिया गया ताकि औद्योगिक आस्थान चुनार में आने जाने वाली गाड़ियो को कठिनाई न हो तथा उद्यमियों के अनुरोध पर जिलाधिकारी द्वारा सड़क पर स्थापित विद्युत पोल को एक सप्ताह के अन्दर शिफ्ट कराने का निर्देश दिया ताकि सड़क पर आवागमन में असुविधा न हों। बैठक में सबरी तिराहे से नटवा पेट्रोल पम्प के पास मिलने वाली सड़क पर जल निगम के द्वारा बनाए गए सीवर जगह–जगह धंस जाने पर उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस सड़क पर कई कारपेट व्यवसासियो के उद्यम लगाए गए है तथा नगर में आने जाने के लिए यह सड़क महत्वूर्ण है।

## गोरखपुर समाचार

### दाह संस्कार में गए व्यक्ति की सरयू नदी में डूबने से मौत

**राजगढ़ ( गोरखपुर )।** गोला थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव निवासी महेंद्र कुमार (46) की रविवार अपराह्न सरयू नदी में स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर गोला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार, गांव में एक व्यक्ति के निधन के बाद महेंद्र कुमार अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रविवार अपराह्न बारानगर स्थित सरयू नदी तट पर गए थे। दाह संस्कार के बाद वह नदी में स्नान करने उतरे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें किसी तरह नदी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गोला पुलिस मौके पर पहुंची, आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## प्रयागराज समाचार

### शंकरगढ़ में तेजी से कैंसर फैलने का दावा, एक गांव में मिले 15 मरीज

**प्रयागराज।** विकास खंड शंकरगढ़ में कैंसर की बीमारी तेजी से फैलने की बात सामने आ रही है। एक गांव में पिछले दो-तीन वर्षों में 15 कैंसर रोगी चिह्नित किए गए हैं। इसमें से 13 की मौत हो चुकी है। जन सुनवाई के दौरान मामला सामने आने पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने भूजल की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। विकासखंड शंकरगढ़ की सीमाएं बुंदेलखंड के पाठा से लगती हैं। इस क्षेत्र के पेयजल में आवश्यक तत्वों की कमी बताई जाती है। शंकरगढ़ की ग्राम पंचायत पहाड़ी कला के निवासी एवं अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह, पुष्पराज तिवारी, रामसजीवन सिंह व अन्य ग्रामीणों ने जन सुनवाई के दौरान डीएम से बताया कि गांव में बीते दो-तीन वर्षों में कैंसर के 15 मरीज चिह्नित हुए हैं जिनमें से 13 की मौत हो चुकी है। जिनकी मौत हुई है, उनमें प्रवीण कुमार सिंह के चाचा भी शामिल हैं। यह तो मात्र एक गांव का उदाहरण है। ग्रामीणों का दावा है कि पहाड़ी कला के अगल-बगल में स्थित नौढ़िया उपरहार, देउरी बेनी, सीध टिकट, जूही, सुरबल, जनवा, आम गोदर, छिपिया आदि गांवों में भी कैंसर के रोगी पाए गए हैं। इस मामले को डीएम ने गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित कर 15 दिनों में जांच रिपोर्ट तलब की है। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर एक निजी प्रयोगशाला में पानी की जांच कराई थी। इस जांच में पानी में आर्सेनिक, सोडियम और पोटैशियम जैसे तत्व मिले। ग्रामीणों का कहना है कि आर्सेनिक से कैंसर की बीमारी होती है। शंकरगढ़ में सिलिका रेत की पहाड़ियां हैं।

## चंदौली समाचार

### नहर में नहाते समय बाइक मैकेनिक की डूबने से मौत

**शहाबगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदीपुर साख नहर में रविवार को नहाते समय बाइक मैकेनिक शैलेष की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। भूसीकृत पुरवा गांव निवासी शुभम उर्फ शैलेश (30) बाइक मरम्मत का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार को वह अपने दोस्तों के साथ लतीफशाह बांध पर पिकनिक मनाने गया था। वहां से घर लौटते समय पड़रिया गांव के सामने गोविंदीपुर साख नहर पर सभी लोग नहाने के लिए उतर गए। नहाने के दौरान शुभम अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नहर की गहराई और तेज बहाव के कारण वे सफल नहीं हो सके।

## सोनभद्र समाचार

### बारिश से बचने के लिए खड़े बाइक सवार की दीवार गिरने से गई जान



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पनवर गांव में शनिवार की देर शाम एक परिचित को उसके घर छोड़कर लौट रहे बाइक सवार अवधेश (23) पर अचानक से कच्ची दीवार गिर पड़ी। इसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने रविवार की दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया। शाहगंज थाना क्षेत्र के डेहरी कला निवासी अवधेश बाइक से शनिवार की शाम साढ़े छह बजे के करीब किसी को छोड़ने के लिए रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पनवर गया हुआ था। वहां से लौटते समय बारिश शुरू हो गई। उससे बचने के लिए वह एक दीवार की ओट में खड़ा हो गया। उसी दौरान वह दीवार अचानक से उस पर भरभरा कर गिर पड़ी और वह उसके नीचे दब गया। चीख-पुकार पर पहुंचे गांव वाले जब तक मलबा हटाते उसकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम हाउस पर मिले घरवालों के मुताबिक दो साल पहले अवधेश की शादी हुई थी। उसे एक आठ माह की बेटी है। इस हादसे के चलते मासूम के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं पत्नी-बच्चों के पालन-पोषण की भी चिंता नात-रिश्तेदारों को सताए हुए थी।

### 25 जुलाई से होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू

**सोनभद्र।** प्रांतीय मेडिकल एसोसिएशन के जिला इकाई के नए सिरे से गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुल सात पदों के लिए चुनावी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। 25 जुलाई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। सात अगस्त को मतदान कराया जाएगा। एक व्यक्ति को एक पद के लिए ही चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी। सीएमओ डॉ. रमेश कुमार मिश्र के मुताबिक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष महिला, उपाध्यक्ष सामान्य, सचिव,सिचिव केंद्रीय कार्यकारिणी, वित्त सचिव और संपादक पद के लिए चुनाही प्रक्रिया अपनाई जा रही है। 25 से 27 जुलाई तक सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक नामांकन किया जा सकेगा। 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच नामांकन वापसी की जा सकेगी। इसी समयावधि में सात अगस्त को मतदान और इसके बाद शाम पांच बजे उसके परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## गाजीपुर समाचार

### मानसून सीजन में पहली बार सवा दो घंटे तक बारिश, बिजली गिरने से एक की मौत, 3 झुलसे



**गाजीपुर।** इस सीजन की सबसे शानदार बारिश शनिवार को करीब सवा दो घंटे तक हुई। वहीं दिलदारनगर में बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि भांवरकोल में तीन किशोर झुलस गए। उनका इलाज जारी है। इस दौरान 14 मिलीमीटर (मिमी) बारिश से शहर प्रमुख सड़कें और गलियां जलमग्न हो गईं। कहीं चार तो कहीं तीन फीट तक पानी सड़कों पर इकट्ठा हो गया। इस बारिश से जहां उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं नगर पालिका के जलनिकासी व्यवस्था के दावों की पोल खुल गई। इसके चलते बच्चों और राहगीरों को घुटने तक पानी से होकर गुजरना पड़ा। बारिश का पानी नालियों में जाने के बजाए सड़कों पर इकट्ठा हो गया। इससे शहर का कोई ऐसा इलाका नहीं रहा, जहां के लोगों को जलभराव का सामना नहीं करना पड़ा। शहर में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर 12.20 बजे से पहले राउंड की बारिश हुई। दोपहर 1.36 बजे बारिश बंद हो गई। इसके बाद दोपहर 2.39 बजे दोबारा बारिश शुरू हुई। दूसरे राउंड की बारिश दोपहर 3.30 बजे तक होती रही। बारिश थमने के बाद भी आसमान में बादलों का डेरा रहा। बारिश के दौरान उससे बचने के लिए लोग जगह-जगह रुक गए। इस दौरान शहर में करीब सवा दो घंटे तक वाहनों के पहिये पर ब्रेक लगा रहा। सिधागरघाट क्षेत्र में बारिश होने से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। सुबह से लेकर शाम तक बारिश होती रही।

## मऊ समाचार

### भूसा वाले कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**मऊ।** रामपुर थाना के पारसी नरहरपुर में शनिवार की शाम करीब छह बजे ही अभिषेक कुमार (26) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव भूसा के कमरे में लटकता मिला। पिता पशुओं को खिलाने के लिए भूसा निकालने गए तो बेटे को लटकता देख अवाक रह गए। शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बीते 39 दिन में अलग अलग थाना क्षेत्रों में पांच युवाओं ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। इससे पहले बीते 14 जुलाई की सुबह सरायलखंसी थाना क्षेत्र के रकौली गांव अनीता यादव (36) ने कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। 15 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय बेटे को शक हुआ। दोनों ने जंगले से देखा तो उनकी मां फंदे से लटकी हुई थीं। बीते 11 जुलाई की शाम छह बजे मधुबन नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ में प्रदीप कुमार (20) ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वो अपने छोटे भाई गुलशन और अपनी मां के साथ रहकर मेहनत-मजदूरी का कार्य करता था।

मोहल्ले के लोगों के अनुसार वो किसी लड़की से प्रेम करता था और फंदा लगाने से पहले उसी से फोन पर बात कर रहा था। बीते 05 जुलाई की सुबह मधुबन थाना क्षेत्र के दुबारी बाजार निवासी प्रियांशु गुप्ता (22) का शव उनके ही घर में मिला था। गले में रस्सी का फंदा था जो पंखे में बंधा था। परिजनों ने बताया था कि बेटे का किसी दुकानदार से पैसे के लेनदेन में और परिवार में कहासुनी हुई थी। बीते 10 जून की सुबह मधुबन थाना क्षेत्र के मनपरवा गांव लक्ष्मी सिंह (25) का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिला था। उनकी एक तीन साल और एक डेढ़ साल की बेटी है।

### इलाज के दौरान वेल्डिंग मिस्त्री की मौत

**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के अतरसावा निवासी वेल्डिंग मिस्त्री आफताब अहमद (30) की शुक्रवार की शाम बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते 8 जुलाई की शाम आजमगढ़ जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के बलपुर पुलिया के पास आफताब घायल अवस्था में मिले थे। पिता तफज्जुल अहमद ने दोहरीघाट थाना पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। पिता ने बताया कि बीते 8 जुलाई को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बेटे का दोस्त उसे अपने साथ बुलाकर ले गया था।

## लाइफ मंत्र

### सावन में कब-कब बरसेगी मां गौरी की कृपा, अभी नोट कर लें मंगला गौरी व्रत की ये जरूरी तारीखें

हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत शुभ और पवित्र माना जाता है। सावन का महीना देवों के देव महादेव की कृपा पाने और उन्हें प्रसन्न करने के बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। वहीं, सावन के हर मंगलवार को रखा जाने वाला मंगला गौरी व्रत माता पार्वती को प्रसन्न करने का सबसे बड़ा दिन होता है। पंचांग के अनुसार, इस बार सावन की शुरुआत 30 जुलाई से होगी और समापन 28 अगस्त को होगा। मान्यता है कि जो भी वैवाहिक महिलाएं या कुंवारी कन्याएं पूरे विधि-विधान के साथ




मंगला गौरी का व्रत रखती है, उन्हें महादेव के संग मां पार्वती की कृपा प्राप्त होती है और मन की हर मुराद पूरी होती है। तो आइए जानते हैं कि सावन में मंगला गौरी का व्रत कब-कब रखा जाएगा।

**पहला मंगला गौरी व्रत 4 अगस्त 2026**

सावन का पहला मंगला गौरी व्रत, सुख-समृद्धि की शुरुआत।

**दूसरा मंगला गौरी व्रत 11 अगस्त 2026**

दूसरा व्रत, इस दिन सावन शिवरात्रि का भी खास संयोग रहेगा।

**तीसरा मंगला गौरी व्रत 18 अगस्त 2026**

तीसरा व्रत, दांपत्य जीवन के क्लेश दूर करने के लिए उत्तम।

**चौथा मंगला गौरी व्रत 25 अगस्त 2026**

आखिरी मंगला गौरी व्रत, इस दिन व्रत का उद्यापन भी किया जाता है। सनातन धर्म में मंगला गौरी व्रत को मुख्य रूप से महिलाओं के लिए सौभाग्य का वरदान माना गया है। माना जाता है कि इस दिन अगर शादीशुदा महिलाएं पूरे विधि-विधान के साथ मंगला गौरी की पूजा करती हैं और व्रत रखती है, तो उन्हें अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है और वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहती है।

वहीं, यदि किसी कन्या के विवाह में देरी हो रही हो या कुंडली में कोई मांगलिक दोष हो, तो सावन के मंगलवार का व्रत रखने से मनचाहे और योग्य वर की प्राप्ति होती है।

## Brown Outfit cesb Royal Look पाने के लिए अपनाएं ये Fashion Hacks, स्टाइल में दिखेगा बड़ा बदलाव



फैशन विश्लेषण के अनुसार ब्राउन आउटफिट्स को सही कंट्रास्ट और एक्सेसरीज के साथ स्टाइल करना एक लग्जरी और रॉयल लुक सुनिश्चित करता है। डार्क और लाइट शेड्स का संतुलन बनाने के साथ गोल्डन ज्वेलरी का चुनाव इस एलिगेंट लुक को पूर्णता प्रदान करता है। वैसे ब्लैक-व्हाइट कलर के आउटफिट्स हर किसी को काफी पसंद आते हैं यह रॉयल लुक प्रदान करते हैं, लेकिन ब्लैक और व्हाइट के अलावा भी फैशन की दुनिया में कुछ ऐसे कलर्स है, जो कि काफी अलग और एलिगेंट लुक देते हैं। बस इन कलर के कपड़ों को स्टाइल करने का तरीका शानदार होना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख हम आपको बताएंगे कि कैसे आप इन हैक्स के जरिए ब्राउन आउटफिट में गॉजियस दिख सकते हैं। गौरतलब है कि ब्राउन कलर की कपड़े एकदम लग्जरी और रिच लुक प्रदान करते हैं। आइए बताते हैं कैसे करे ब्राउन आउटफिट कैरी।

**कंट्रास्ट आउटफिट का रखें ख्याल**

असल में ब्राउन कलर के आउटफिट्स आपको डिफरेंट और यूनिक लुक ट्राई कर सकते हैं। इसलिए हमेशा ब्राउन के साथ कंट्रास्ट का आउटफिट चूज करें। जैसे कि आप डार्क ब्राउन कलर का पैंट या ट्राउजर वियर कर रही हैं, तो इसके ऊपर लाइट कलर की शर्ट पहनें। यह आपकी शर्ट या अपर वियर लाइट ब्राउन कलर का है, तो इसके कंट्रास्ट में थोड़ा डार्क बॉटम को वियर कर सकती हैं। यह आपको काफी परफेक्ट लुक देगा।

**गोल्डन एक्सेसरीज ही चुनें**

जब आप ब्राउन कलर का आउटफिट पहनें, तो इसके साथ ही सिल्वर एक्सेसरीज पहनने की गलत बिल्कुल भी न करें। ब्राउन आटफिट के साथ हमेशा गोल्डन कलर की एक्सेसरीज ही पहनें। इससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा। ब्राउन आउटफिट के साथ गोल्डन एक्सेसरीज एकदम रॉयल लुक देगी।

**फुटवियर का करें सही चुनाव**

अगर आप ब्राउन आउटफिट वियर कर रहे हैं, तो इसके लिए आपको फुटवियर और बैग का खास ध्यान रख सकते हैं। इन दोनों चीजों का आप सही तरीके से चुनाव करें। जब भी आप ब्राउन आउटफिट पहनें, तो न्यूड, बेज या ब्राउन शेड के फुटवियर ही चयन करें। आप चाहे तो ब्लैक कलर के क्लासिक फुटवियर भी ट्राई कर सकती हैं। ध्यान रहे कि अलग-अलग रंग-बिरंगे व चमकीले फुटवियर को न पहनें।

**हैंड बैग चॉइस का भी रखें ध्यान**

ब्राउन आउटफिट के साथ हैंड बैग का कलर आप लाइट या बेज कलर ही चुनें। ऐसा करने से आप एक बेहतरीन और शानदार लुक देती है। वहीं, ब्राउन आउटफिट वाले लुक को पूरा करने के लिए आप मिनिमल मेकअप ट्राई कर सकती हैं। वैसे यह आपको एलिगेंट लुक प्रदान करेगा।

# लिपस्टिक के जल्दी हटने के पीछे है ये गलतियां, लॉन्ग लास्टिंग इफेक्ट के लिए अपनाएं ये Smart Hacks



**लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए होंठों की प्रीपिंग और सही प्रोडक्ट्स का चयन महत्वपूर्ण है। लिप प्राइमर और टिश्यू ट्रिक जैसे तकनीकी तरीकों का विश्लेषण करते हुए यह लेख बताता है कि कैसे मैट फिनिश और सही ईटिंग हैबिट्स मेकअप की उम्र बढ़ा सकती हैं।**

मेकअप का लुक शानदार बनाने का काम लिपस्टिक का जरुर होता है। ऐसे में हर महिला चाहती है कि उसकी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहे, चाहे ऑफिस मीटिंग हो, पार्टी हो या फिर बाहर खाना।

लेकिन आपने भी बार-बार नोटिस किया है कि थोड़ा-सा खाने या पीने के बाद लिपस्टिक फीकी पड़ जाती है या पूरी तरह हट ही जाती है, जिससे बार-बार टच-अप करने की जरुरत पड़ती है।

अगर आप सही तरीके और कुछ स्मार्ट टिप्स को अपनाकर आप अपनी लिपस्टिक को लॉन्ग लास्टिंग और फ्रेश लुक बना सकते हैं। आइए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**कैसे बनाएं अपनी लिपस्टिक लॉन्ग लास्टिंग?**

**होंठों को प्रेप करें**

सबसे पहले आप होंठों को अच्छे से साफ और स्मूद बनाएं। इसके बाद हल्के से स्क्रब से डेड स्किन हटाएं और फिर लिप बाम लगाकर मॉइस्चराइज करें। ऐसा करने से लिपस्टिक अच्छे से सेट होती है और क्रैक्स में जमा नहीं होती है।

**प्राइमर या कंसीलर का इस्तेमाल करें**

जब लिपस्टिक लगाएं तो इससे पहले लिप प्राइमर या थोड़ा-सा कंसीलर लगाएं। ऐसा करने से लिपस्टिक का कलर काफी शानदार आता है और ये लंबे समय तक टिकी रहती है।

**लिप लाइनर से आउटलाइन बनाएं**

लिप लाइनर से होंठो की शेप बनाकर अंदर भी हल्का भरें। इससे लिपस्टिक फैलती नहीं और स्मज होने का खतरा कम हो जाता है।

**लॉन्ग-लास्टिंग या मैट लिपस्टिक चुनें**

गौरतलब है कि क्रीमी लिपस्टिक बहुत ही जल्दी ट्रांसफर हो जाती है, जबकि मैट या ट्रांसफर-प्रुफ लिपस्टिक ज्यादा देर तक टिकती है। रोजाना खास मौकों के लिए यह लिपस्टिक खास होती है।

**टिश्यू ट्रिक अपनाएं**

जब आप पहली परत लगाने के बाद होंठों पर टिश्यू रखें और हल्का पाउडर ब्रश से ऊपर से टैप करें। इसके बाद दूसरी लेयर लगाएं। ऐसा करने से लिपस्टिक सेट हो जाती है और यह ज्यादा देर तक चलती है।

**खाने का तरीका भी मायने रखता है**

दरअसल, ऑयली खाना खाने से लिपस्टिक जल्दी ही हट जाती है, ऐसे में आप स्ट्रॉ से ड्रिंक पीना और नैपकिन का हल्का इस्तेमाल लिपस्टिक को बचाए रखता है।

**लिप ग्लॉस का सीमित इस्तेमाल करें**


यदि आप लिपस्टिक को लॉन्ग लास्टिंग बनाना चाहते हैं, तो भूलकर भी ग्लॉस का इस्तेमाल न करें, क्योंकि लिप ग्लॉस से लिपस्टिक जल्दी फिसल जाती है।

**मिनी टच-अप किट रखें**

लिपस्टिक को लंबे समय तक टिके रहने के लिए आप अपने बैग में लिप लाइनर और टिश्यू जरुर रखें, जिससे जरुरत पड़ने पर जल्दी टच-अप किया जा सके।

इसके अलावा, आप सही तैयारी, सही प्रॉडक्ट और स्मार्ट ट्रिक्स अपनाकर आप अपनी लिपस्टिक को घंटों तक परफेक्ट बनाए रख जाती है। इससे न सिर्फ आपका लुक फ्रेश दिखेगा, बल्कि आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

## आईलैश कर्लर के बिना पाएं घनी पलकें, Mascara Hacks और Beauty Tips से अपनी आंखों को बनाएं और भी Beautiful



**बिना आईलैश कर्लर के पलकों को आकर्षक बनाने के लिए मस्कारा लगाने की विशेष तकनीकों का विश्लेषण करना आवश्यक है। ब्रश को जड़ों से ऊपर की ओर ले जाना और पेपर का सहारा लेना पलकों को प्राकृतिक घुमाव और घनापन प्रदान करता है। मस्कारा हैक्स ब्यूटी टिप्स आईलैश वॉल्यूम।**

अपनी आंखों को खूबसूरत दिखाने के लिए न जाने हम सभी क्या-क्या नहीं करते हैं। आईलैश कर्लर एक ऐसा ब्यूटी टूल है, जिसको पलकों को कर्ल किया जाता है। जब आप अपनी पलकों कर्ल करते हैं, तो यह घुमावदार और वॉल्यूम वाली नजर आती हैं।

आजकल लड़किया कई सारे रुटीन फॉलो करके इसका इस्तेमाल कर रही है, क्योंकि इससे आंखें और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आती है। वैसे इसका इस्तेमाल करने से पहले महिलाएं मस्कारा लगाती हैं। असल में कर्ल की हुई पलकों पर मस्कारा लगाने से पलके और भी लंबी और घनी हो जाती है।

लेकिन इसका इस्तेमाल लड़कियां रोजान नहीं कर पाती है। जिस कारण से पलकों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए वह इसके दूसरे तरीके खोजने लगी है। यदि कर्लर के बिना पलकों को वॉल्यूम देना चाहती हैं, तो इस लेख में हम आपको अलग-अलग टिप्स देंगे। मस्कारा लगाने का सही तरीका

गौरतलब है कि मस्कारा सही लग जाए, तो यह हमारी पलकों को एकदम कर्ल लुक देता है। इसके लिए आपको ब्रश की मदद से पलकों की जड़ों से ऊपर की तरफ ले जाना है। कुछ सेकेंड के लिए ब्रश को ऊपर की तरफ करते हुए रुक जाएं। इससे मस्कारा सूखने के बाद पलके ऊपर की तरफ कर्ल नजर आएंगी। इस हैक के जरिए आपकी पलकें और भी ज्यादा घनी व लंबी दिखाई देंगी। इस तरीके से आपको आईलैश कर्लर यूज करने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

**डबल कोट करें**

यदि आप एक बार मस्कारा लगाने के बाद ब्रश को ऊपर की तरफ ले जाती हैं, तो डबल कोट करें। इससे आपकी पलके भारी नजर आएंगी और कर्ल भी नजर आएगा। इन टिप्स को आप कभी-कभी फॉलो कर सकते हैं, क्योंकि रोजाना डबल कोट करने से आपको पलकों पर भारीपन लगेगा। ऐसा लगेगा कि आंखे भारी हो गई है।

**पेपर की मदद से मस्कारा लगाएं**

मस्कारा लगाने के लिए आप पेपर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पलकों के ऊपर एक पेपर रखें। पेपर को ऐसे रखना जिससे पलकों पर मस्कारा लगाया जा सके। ब्रश की मदद से मस्कारा लगाएं और ऊपर की तरफ खीचें। जब मस्कारा लग जाए तो इस पेपर को तुंरत हटा सकते हैं।

**इन बातों का ध्यान रखें**

महिलाओं को मस्कारा चुनते समय अपनी पलकों की जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए। यदि पलकों को अधिक घना और भरा हुआ दिखाना हो, तो वॉल्यूम बढ़ाने वाला मस्कारा बेहतर विकल्प हो सकता है।

वहीं, वाटरप्रुफ मस्कारा पलकों के कर्ल को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायता करता है, जिससे आंखों का लुक अधिक आकर्षक नजर आता है। मस्कारा लगाते समय ब्रश को पलकों की जड़ों से सिरों तक सही तरीके से चलाना भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पलकों को सुंदर आकार मिलता है और मस्कारा समान रूप से फैलता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर





गुप्त रोग विशेषज्ञ




नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ




लिवर रोग विशेषज्ञ




यूरोलॉजी विशेषज्ञ




मानसिक रोग विशेषज्ञ




हड्डी रोग विशेषज्ञ





कार्ड एवं स्टेशनरी




लेडिज सूट शॉप




आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप




ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

